सार-समाचार

पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण और एक रजत पदक

भीलवाड़ा। राजस्व विभाग, तहसील कार्यालय भीलवाड़ा में कार्यरत कनिष्ठ सहायक जमना लाल बलाई ने खेल के क्षेत्र में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित 10वीं राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में उन्होंने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए कुल तीन पदक अपने नाम किए। जिले और विभाग में जश्न का माहौल : जमना लाल बलाई की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भीलवाड़ा जिले के साथ-साथ राजस्व विभाग में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और अटूट दृढ़ संकल्प का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। अधिकारियों और खेल प्रेमियों का मानना है कि जमना लाल की इस सफलता से अन्य खिलाड़ियों, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को साबित करने की बड़ी प्रेरणा मिलेगी।

सरकारी काम में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, निविदा प्रक्रिया पर उग्रे सवाल

मसूदा, । मसूदा नगर पालिका में सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर पार्षदों एवं आमजन ने सवाल उग्राए हैं। शिकायत में ब्रैकेट और केबल लगाने के कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों की अनदेखी, आचार संहिता के दौरान काम शुरू करने और निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से स्वतंत्र तकनीकी एवं प्रशासनिक जांच करवाने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, स्वीकृत अनुमान और बीएसआर में ब्रैकेट का भीतरी व्यास 32 मिलीमीटर निर्धारित है, जबकि मौके पर करीब 25 मिलीमीटर के ब्रैकेट लगाए जाने का आरोप है। इसी तरह, ब्रैकेट की स्वीकृत लंबाई एक मीटर के बजाय लगभग दो से ढाई फीट होने तथा केबल की निर्धारित 25 मिलीमीटर मोटाई के स्थान पर करीब 14 से 16 मिलीमीटर मोटाई की सामग्री इस्तेमाल करने की शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने आचार संहिता के दौरान कार्य शुरू करने और केवल सात दिन की निविदा अवधि रखने पर भी सवाल उग्राए हैं। उन्होंने कार्यादेश, प्रशासनिक स्वीकृति और निविदा से संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही, मौके पर सामग्री की वास्तविक माप लेकर स्वीकृत अनुमान, निविदा और कार्यादेश से मिलान करने तथा भुगतान प्रक्रिया की समीक्षा का आग्राह किया है। फिलहाल, आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित विभाग का पक्ष सामने आना बाकी है

अजमेर दक्षिण में 1.30 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

अजमेर। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत के दो सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। वार्ड 46 में बाबा रामदेव मंदिर से अमरचंद तंवर के मकान तक 77 लाख रुपये की लागत से लगभग 360 मीटर लंबी सड़क को चार लेन का बनाया जाएगा। वर्तमान में सड़क 10 फुट से भी कम चौड़ी है। सड़क चौड़ी होने से बाबा रामदेव मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही दुकानों और अस्थायी स्टॉल लगाने के लिए बेहतर व्यवस्था तथा मंदिर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी हो सकेगा। कल्याणीपुरा जाने वाले राहगीरों को भी लाभ मिलेगा। वहीं, वार्ड 38 और 39 के नसीराबाद रोड, बालूपुरा और आदर्श नगर क्षेत्र में धर्मेंद्र मेहरा के मकान से रामनारायण मिश्रा के मकान तक 53 लाख रुपये की लागत से सड़क बनाई जाएगी। लगभग 950 मीटर लंबी और 6.20 मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माणड़ामर से होगा। विधायक ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग से इसकी स्वीकृति नगर निकाय चुनाव से पहले जारी हो गई थी, लेकिन आचार संहिता के कारण शिलान्यास नहीं हो सका। कार्यक्रम में उपमहापौर हेमंत सांखला, भाजपा पदाधिकारी, रामदेव विकास समिति के पदाधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार जताया।

शशिधवल ज्योत्स्ना से अभिसंचित छटा से सजे ग्राकुरजी

ब्यावर (निसं) सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांके बिहारी मन्दिर में शरद पूर्णिमा की अमृतमयी चंद्रिका से सुसज्जित ग्राकुर बांके बिहारी की युगल छवि नवीन पोषाक धवल धारणकर, श्वेत पिछवाई पर चमकते आभायुक्त चंद्रमा की शीतल किरणो तले रजत छत्र एवं रजत पताकाओं से श्रृंगारित होकर विराजमान, मानो स्वयं सुधाकर सुधावर्ष्टि करने गर्भगृह में उतर आया हो। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष माणक ड़ाणी ने बताया कि सर्वांग धवल आभा से श्रृंगारित ग्राकुरजी के गर्भगृह में पंडित जितेंद दाधीच में श्वेत अट्टालिकाओं को इतना मनोरम सजाया जैसे कैलाश पर्वत पर चन्द्रकिरणो ने बसेरा कर लिया हो। ग्राकुरजी के इस नयनरम्य स्वरूप को निहारने हेतु श्रद्धालुओं का मध्यरात्रि तक तांता लगा रहा।

अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर में 207 यूनिट रक्तदान

- आयोजक पवन देवी, भरत सराफ-नेहा सराफ ने अतिथियों का स्वागत किया।

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। दशहरा मेला कमेटी एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्व. मुरारीलाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, बाबा मिनरल्स ग्रुप चेयरमैन श्रीगोपाल गोयल, विजय गोयल, मालचंद सुराणा, भरत-नेहा सराफ, गौरव गुलेरिया, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष शिवचरण ईनाणी, अग्रावाल समाज अध्यक्ष अमित अग्रवाल व मार्बल सिटी हॉस्पिटल निदेशक ओमप्रकाश मेनावत ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

आयोजक पवन देवी, भरत सराफ-नेहा सराफ ने अतिथियों का स्वागत किया। कमेटी संयोजक प्रदीप

स्व. मुरारीलाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में अतिथियों का स्वागत

अग्रवाल, अध्यक्ष रमेश चांडक, महासचिव प्रकाश जांगिड़, विनोद पाटनी, गोपाल प्रधान, जितेंद्र मारोग्रिया, सत्यस्वरूप अग्रावाल, अतुल अग्रावाल, मोहित अग्रावाल, जयेश कामदार मौजूद रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य नहीं माना गया है। इसलिए मानव को रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। संयोजक प्रदीप अग्रावाल ने कहा कि रक्तदान सभी पुण्य कार्यों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है, रक्तदान करके न केवल मनुष्य स्वस्थ जीवन जीता है वरन् दूसरों का भी जीवन बचाने में अपना अमूल्य सहयोग देता है।शिविर में राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल, जे एल एन हॉस्पिटल अजमेर व विद्यापति ब्लड बैंक स्टाफ सहित बड़ी संख्या में दशहरा मेला कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओ ने सेवाए दी। भरत सराफ ने सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

वाहन मालिकों पर वीएलटीडी उपकरण के नाम पर अतिरिक्त बोझ का आरोप

- 6 हजार रुपये का उपकरण 17 हजार तक पहुंचने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, कीमतों की जांच की मांग

अजमेर। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षड़ॉ. राजकुमार जयपाल और प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर वाहन स्थान निर्धारण उपकरण (वीएलटीडी) के नाम पर वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझड़ालने का आरोप लगाया है।

डॉ. जयपाल ने कहा कि जिस उपकरण की कीमत पहले 5 से 6 हजार रुपये बताई जाती थी, उसके लिए राजस्थान में 15 से 17 हजार रुपये तक खर्च करने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने उपकरणों की कीमतों में कथित मिलीभगत से वृद्धि के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि जिन वाहनों में पहले से वैश्विक स्थिति निर्धारण प्रणाली (जीपीएस) लगी है, उनके उपकरण निर्धारित तकनीकी मानकों पर खरे उतरने की स्थिति में नियमानुसार मान्यता दी जानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने दूसरे राज्यों से उपकरण खरीदने पर भी प्रमाण पत्र स्वीकृति के नाम पर लगभग 5,900 रुपये अतिरिक्त शुल्क मांगे जाने की शिकायतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रमाणपत्र प्रक्रिया में देरी से वाहन परमिट और हस्तांतरण संबंधी काम प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रोस नेताओं ने उपकरणों की कीमतों, कंपनियों की मूल्य नीति और प्रमाणपत्र शुल्क की जांच कराने, सभी निर्धारित शुल्क सार्वजनिक करने तथा प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की है।

मसूदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

- शरद पूर्णिमा पर सैकड़ों स्वयंसेवकों ने किया कदमताल, सामाजिक एकता और राष्ट्र की अखंडता का दिया संदेश

मसूदा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को मसूदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में सैकड़ों स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चले। मार्ग में महिलाओं ने रंगोली सजाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। व्यापारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगग्रनों ने भी स्वयंसेवकों का अभिवादन किया।

पथ संचलन पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम से शुरू होकर राव साहब सर्किल, अजमेरी गेट, कुम्हार मोहल्ला, जामा मस्जिद, ड़ाकघर, सूरजपोल गेट, सदर बाजार, भड़ाणा मार्केट, गांधी चौक, नगर पालिका, रामगढ़ चौराहा, रामतलाई, अखाड़े वाले बालाजी मंदिर और बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंजते रहे। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

समापन पर संघ प्रचारक ने बौद्धिक संबोधन में संघ की स्थापना, वैचारिक आधार और सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाशड़ाला। उन्होंने कहा किड़ॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में समाज को संगग्रित करने और सामूहिक चेतना मजबूत करने के उद्देश्य से संघ की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि संघ अपने सौ वर्ष पूरे कर 101वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्वयंसेवक समाज की एकता, राष्ट्र की अखंडता और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाजहित और राष्ट्रिहत के कार्यों में सक्रिय रहने का आ ान किया।

मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी सदस्याओं ने किया कन्या पूजन

बांसवाड़ा, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद के सानिध्य में जनजाति बालिका छात्रावास में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की ओर से कन्या पूजन कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद सह केंद्रीय मंत्री रामस्वरूप महाराज के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष मोहन पटेल, मातृशक्ति जिला संयोजिका मिथिलेश कौशिक, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक तनीषा शर्मा के आतिथ्य में हुआ। अतिथि परिचय संध्या रस्तोगी ने दिया वहीं विहिप जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। मातृशक्ति सह संयोजिका रेखा कंसारा ने कन्या पूजन पर अपने विचार रखे।

48 दीपकों से भक्तामर पाठ, निकाली भव्य संध्या फेरी

- दिगंबर जैन महासमिति के आयोजन में श्रद्धालुओं ने की धर्म आराधना, संतों के त्याग और तपस्या से प्रेरणा लेने का संदेश

अजमेर। दिगंबर जैन महासमिति की ओर से शरद पूर्णिमा पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाटनी के नेतृत्व में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समय सागर महाराज और गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस के अवसर पर 48 दीपकों से भक्तामर पाग्र किया गया।

दीपों की रोशनी और भक्तामर स्तोत्र के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य संध्या फेरी रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर संतों के त्याग, तपस्या, संयम और धर्ममय जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में अरुण कुमार सेग्री, चक्रेश जैन, राजेंद्र पाटनी, सुभाष जैन, सुनीता जैन, नवीन पाटनी, रूप श्री जैन सहित महासमिति के पदाधिकारी और समाज जन उपस्थित रहे।

24 कर्मचारियों को किया सम्मानित

- दीप प्रज्वलित कर आरती के साथ किया

अजमेर, । नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रेल कर्मचारी संस्थान मेंड़ांडिया रास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारती चेलानी, ममता शर्मा, बृजेश, मीनू शर्मा और नीलिमा मेहरा ने दीप प्रज्वलित कर आरती के साथ किया। कार्यक्रम में मालती शर्मा, मीना उपाध्याय, पुष्पा, नेहा गुर्जर, श्वेता हैरिस, दीप्ति शर्मा, रेखा जॉन, उषा जैन, तृप्ति चौहान सहित महिला रेल कर्मचारियों ने विभिन्न गीतों परड़ांडिया नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मिस्टर गरबा, मिस गरबा, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा, सर्वश्रेष्ठ पुरुष गरबा और सर्वश्रेष्ठ महिला गरबा श्रेणियों में काजल, रेखा, कामिनी, शालिनी, पायल, रित्वी और रूमिका सहित कुल 24 रेल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा गुर्जर और श्वेता हैरिस ने किया।

टोल्फा के 21 वर्ष पूरे, पशु सेवा और संरक्षण का लिया संकल्प

अजमेर, । खरखेड़ी स्थित बीमार, घायल और जख्मी पशुओं के उपचार केंद्र टोल्फा के 21 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक पीसी लुनिया ने बताया कि इस अवसर पर केक काटकर पशु सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की प्रांतीय सभापति आभा गांधी ने टोल्फा की संस्थापक रिचर्ड राइट का माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भी वितरित किए गए। इस दौरान विकास, राजेंद्र गांधी, वंदन, निर्मला, संस्कृति, ड़ॉ. एसके अरोड़ा सहित टोल्फा के कर्मचारी मौजूद रहे। टोल्फा के 21 वर्ष पूरे, पशु सेवा औरसंरक्षणका लिया संकल्प बीमार व घायल पशुओं के उपचार केंद्र में हुआ आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया

भूखण्ड विवाद को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र में भूखण्ड पर कब्जा करने के विरोध को लेकर थाने पहुंचे अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर सोमवार को एसपी कार्यालय या मकान पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बार सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश जालोदिया रिश्तेदार के सविना स्थित भूखण्ड पर पहुचे। जहां भू कारोबारी कौशल आमेटा द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने का एतराज करने थाने पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं की भीड़ भी जमा हो गई। इस दौरान सभी ने पुलिस नेभूमि कारोबारी कौशल आमेटा के खिलाफ पुलिस की मिली भगत से भूखण्ड कर जबरन कब्जा करने व निर्माण कार्य कराने का विरोध करने पर इट फैकने से अधिवक्ता के चोटिल होने के विरोध में प्रदर्शन किया तथा आरोपी कौशल के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक में बुजुर्गों का सम्मान, पार्षद प्रीति का किया अभिनंदन

- तो कहीं गड्ढे भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति किए जाने से सड़कें दोबारा उखड़ गई हैं

अजमेर, । वरिष्ठ नागरिक परिषद वार्ड 54 नाका मदार की महत्वपूर्ण बैग्रक शनिवार को शक्तिनगर स्थित सामुदायिक भवन में परिषद अध्यक्ष मुन्ना मंसूरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैग्रक पावटा। कस्बे में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें सालों बाद भी बदहाली से उबर नहीं पाई हैं।

कई वार्डों में सड़क मरम्मत का काम अधूरा पड़ा है, तो कहीं गड्ढे भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति किए जाने से सड़कें दोबारा उखड़ गई हैं। नतीजतन, स्थानीय निवासियों से लेकर राहगीरों तक को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और बिखरे पत्थरों से भरी सड़कें हादसों को न्योता दे रही हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पानी भरने से गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और पैदल चलने वाले तथा दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल होने का खतरा झेलते हैं। पाइपलाइनड़ालने के लिए सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें पूर्व स्थिति में लाना संबंधित जिम्मेदारों की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन कस्बे के कई हिस्सों में लंबे समय बाद भी मरम्मत का काम पूरा नहीं हो पाया है। कहीं सड़क की सतह उखड़ी हुई है, तो कहीं गहरे गड्ढे और कंकड़-पत्थर लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। स्थानीय लोगों के लिए इन रास्तों से गुजरना मजबूरी बना हुआ है।

वाहन चालकों को गड्ढों से बचने के लिए अचानक दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दीपावली का त्योहार नजदीक होने के कारण बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बदहाल सड़कें व्यापारियों, ग्रााहकों और आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं।

एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत 94 जने गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत जिला पुलिस की 40 टीमों ने 212 चिन्हित स्थानों पर दबिश देकर 94 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न प्रकरणों में वांछित आरोपियों तथा गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह एवं समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन में 142 पुलिसकर्मियों की 40 टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने जघन्य अपराधों में 1, गिरफ्तारी वारंट के तहत 10 तथा सामान्य प्रकरण में 1 वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं बीएनएसएस के तहत 90 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की एवं 33 हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर पाबंद किया व लूट, डकैती, नकबजनी एवं चोरी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त अथवा चालानशुदा 64 अपराधियों को डिटेन कर पूछताछ की। अभियान के दौरान आबकारी एक्ट के तहत 19 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं 45 अवैध भट्टिया तोड़कर 9 हजार 800 लीटर महुआ वॉश नष्ट की गयी एवं 167 लीटर अवैध देशी शराब व 149 लीटर अवैध अंठोजी शराब जब्त की गयी। पुलिस अधीक्षक जोशी ने आमजन से जिले में कहीं भी मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री या भंडारण की सूचना मिलने पर पुलिस को हेल्पलाईन/ व्हाट्सएप नंबर 8764858986 पर देने की अपील करते हुए बताया कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

प्रमाण पत्र जांच शिविर

उदयपुर, (कासं)। भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में मंडल प्रशिक्षण केंद्र उदयनिवास में आयोजित राज्य स्तरीय प्रेसीडेंट अवार्ड गाइड प्रमाण पत्र जांच शिविर के दूसरे दिन स्काउटिंग की सच्ची भावना और साहसिक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। पाँच दिवसीय शिविर में अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक, जोधपुर, जालोर, पाली, उदयपुर, बाड़मेर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न जिलों से 161 गाइड्स स्काउटिंग के सवोच्च शिखर 'राष्ट्रपति अवार्ड' को पाने के लिए अपनी कला और निपुणता को परख रही हैं। सी ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि प्रातःकालीन वंदना और स्काउटिंग अनुशासन शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत स्काउटिंग परंपरा के अनुसार ऊर्जावान बी.पी. व्यायाम से हुई।

250 महिलाओं की कलश यात्रा से गूंजे गायत्री महामंत्र

- 9 कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ
- लखोटिया परिवार की पहल, बापूनगर में निकली भव्य कलश यात्रा, संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु

भीलवाड़ा। पीले वस्त्रों में सजी-धजी 250 महिलाओं के सिर पर सुशोभित गायत्री महामंत्र अंकित कलश और वातावरण में गूंजते भक्ति के स्वर...बापूनगर में शनिवार को आस्था और अध्यात्म का ऐसा ही मनोहारी दृश्य देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में लखोटिया परिवार की ओर से आयोजित 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजक कैलाश चन्द्र, सीए अंकित, पुलकित लखोटिया ने बताया की कलश यात्रा बापूनगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री शिव साईं राम कृष्ण मंदिर पहुंची। यहां पुष्कर से पधारे विद्वान पंडित सुरेश शर्मा, देवेंद्र एवं उनके सहयोगियों ने वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीया माताजी तथा देवमाता, विश्वमाता और सृष्टि की आदि कारण मातेश्वरी गायत्री माता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद कलश पूजन किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर आरती की और आयोजन के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित प्रज्ञा पुराण पर आधारित संगीतमय कथा का आयोजन हुआ। गायत्री परिवार के सदस्यों सहित बापूनगर के निवासियों ने श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में कथा का श्रवण किया। जिला समन्वयक अखिल विश्व गायत्री परिवार, भीलवाड़ा, सरोजना व्यास ने बताया कि रविवार को सुबह 7.30 बजे से 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा।

इसमें गर्भ संस्कार, विद्यारंभ संस्कार और जन्मदिवस संस्कार सहित विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। शाम 5 बजे विराट दीप यज्ञ आयोजित होगा। इसमें माताएं और बहनें अपने घरों से पांच-पांच दीपक लेकर शामिल होंगी। दीप यज्ञ के माध्यम से अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संदेश दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना, संस्कारों और सद्विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

अजमेर प्रोत्साहन-2026 में 600 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

- प्रतिभाओं को देखकर अतिथियों को याद आया बचपन
- शिक्षा के साथ व्यवहारिकता और मानवता भी जरूरी, अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत कर माता-पिता व देश का नाम रोशन करने का दिया संदेश

अजमेर। सामाजिक समन्वय संस्था की ओर से आयोजित छठे प्रोत्साहन-2026 कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 600 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों को देखकर अतिथि भावुक और उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने अतिथियों को उनके स्कूल के दिनों की यादें ताजा करा दीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि आज की ये प्रतिभाएं मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर भविष्य में अच्छे पदों पर पहुंचकर न केवल अपना, बल्कि अपने माता-पिता, परिवार, समाज और देश का नाम भी रोशन करेंगी।

कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। सफलता प्राप्त करने के बाद भी उन्हें अपने संस्कारों और मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की

अतिथियों न सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उपलब्धियां उनके परिवार के लिए गर्व का विषय होती हैं। जब कोई बच्चा अपनी मेहनत से सफलता हासिल करता है, तो उसके माता-पिता और परिजनों को भी समाज में एक नई पहचान मिलती है।

अतिथियों ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना या बड़े पदों पर पहुंचना ही नहीं है, बल्कि एक बेहतर इंसान बनना भी है। पढ़ाई के साथ व्यवहारिक ज्ञान, मानवीय संवेदनाएं और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव होना आवश्यक है। मानवता और अच्छे व्यवहार के बिना शिक्षा अधूरी है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में ज्ञान के साथ संस्कारों को भी महत्व देना चाहिए, ताकि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ सकें और देश के विकास में योगदान दे सकें।

समारोह में किरण गढ़वाल, क्षितिज गौड़, सुमन शर्मा, हिमांशु दाधीच, ड़ॉ. मोहम्मद आदिल, सैयद गफ्फार चिश्ती, सैयद एहतेशाम चिश्ती और आरिफ हुसैन सहित अन्य अतिथियों ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अभिभावकों ने की कार्यक्रम की सराहना कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ पहुंचे अभिभावक भी उत्साहित नजर आए। बच्चों को सम्मानित होते देखकर उनके चेहरों पर खुशी और गर्व का भाव दिखाई दिया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सहज व्यवस्था और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देते हैं।

युवा टीम ने संभाली व्यवस्थाएं कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सक्रिय सदस्य तन्मय श्रीवास्तव, मोहित गढ़वाल, श्रवण कुमार और भारत यादव सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था की युवा टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम के समापन के बाद विद्यार्थियों को अल्पाहार वितरित किया। अंत में संस्था के संस्थापक पी.के. श्रीवास्तव और दिलीप गढ़वाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) नावां (डीडवाना-कुचामन)
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
अन्तर्गत आदेश 05 नियम 01 व 5 सी.पी.सी. (अखबार साया)
वादी — बनाम — प्रतिवादीगण
वाद संख्या : 528/2016 — दर्ज तिथि : 04.08.2016
वाद अन्तर्गत धारा 88, 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
... तारीख पेशी 13.11.2026 ... 12.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय मुद्रा से जारी की गई है।
उपखण्ड अधिकारी, नावां (डीडवाना-कुचामन)